पत्रांकः–BSEB(SS)/KEN/...1170.../2022

**बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना**

**प्रेषक,**

**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

**सेवा में,**

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार

पटना, दिनांक–..24../..12../2022

**विषयः– इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा, 2023 के संचालन के लिए गोपनीय सामग्रियाँ प्रेषण के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक प्रायोगिक विषयों की परीक्षा दिनांक 10.01.2023 से प्रारंभ होकर दिनांक 20.01.2023 तक जिले में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर संचालित होनी है। उक्त परीक्षा हेतु सामान्यतः परीक्षार्थियों के शिक्षण सस्थान ही परीक्षा केन्द्र (गृह केन्द्र) होंगे तथा संस्थान के प्रधान केन्द्राधीक्षक के दायित्व में होंगे। जिलान्तर्गत निर्धारित प्रायोगिक परीक्षा केन्द्रों की सूची ई–मेल के माध्यम से पूर्व में ही प्रेषित है।

2. परीक्षा केन्द्रों पर उपयोग में लाये जाने वाले विभिन्न प्रकार की पैकिंग सामग्री यथा–पॉली बैग, कोरूगेटेड बॉक्स, लिफाफा एवं अन्य प्रपत्र परीक्षा केन्द्रवार पैकिंग कर समिति द्वारा प्रतिनियुक्त विशेष दूत के माध्यम से संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजा जा रहा है।

3. इन्टरमीडिएट प्रायोगिक विषयों की परीक्षा के लिए सभी जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर उपयोग में लाये जाने वाले गोपनीय परीक्षा सामग्री यथा–प्रश्न–पत्र, परीक्षा केन्द्रों एवं उससे सम्बद्ध +2 शिक्षण संस्थानों की सूची, केन्द्राधीक्षक नियुक्ति पत्र, डाटारहित उत्तरपुस्तिका व मार्गदर्शिका आदि परीक्षा केन्द्रवार पैकिंग कर समिति के विशेष दूत के माध्यम से **दिनांक 29.12.2022 एवं 30.12.2022** को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में भेजे जाएँगे, जहाँ से केन्द्राधीक्षक अथवा उनके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि उक्त सामग्री प्राप्त करेंगे। प्रायोगिक परीक्षा की अन्य सामग्री यथा–डाटायुक्त उत्तरपुस्तिका, उपस्थिति पत्रक, अनुपस्थिति पत्रक एवं मार्क्स फ्वॉयल संबंधित एजेंसी द्वारा सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में प्राप्त कराए जा रहे हैं।

4 अतः सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी से अनुरोध है कि गोपनीय सामग्री समिति के विशेष दूत से प्राप्त कर उन्हें प्राप्ति रसीद दे देंगे और जिला में निर्धारित परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षक अथवा उनके द्वारा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि को वितरण कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि परीक्षा सामग्री वितरण कराते समय कोविड–19 महामारी से बचाव हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार का अनुपालन कराया जाना अपेक्षित है।

5 सभी प्रायोगिक परीक्षा केन्द्र के केन्द्राधीक्षकों को अपने स्तर से अनिवार्य रूप से निदेश दे देंगे कि सामग्रियों का मिलान कर सुनिश्चित हो लेंगे कि अपने परीक्षा केन्द्र एवं उससे सम्बद्ध +2 विद्यालय/महाविद्यालय के परीक्षार्थी, जिन्हें प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित होना है, के अनुरूप सभी गोपनीय परीक्षा सामग्री उन्हें प्राप्त हो गयी है। प्राप्त किये गये गोपनीय परीक्षा सामग्री में से यदि कोई सामग्री अप्राप्त हो, तो इसकी सूचना अविलम्ब जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के साथ–साथ परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के मोबाईल नं0–9431025181 अथवा ई–मेल आई0डी0 coe.interbseb@gmail.com/उप परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0) के मोबाईल नं0 9934570063 अथवा प्रशासनिक–सह–प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (उ0मा0) के मोबाईल नं0 9431074053 पर सूचित कर समस्या का समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
24.12.22
**परीक्षा नियंत्रक (उ0मा0)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

D:\2022\Letter Draft Examination 2022.docx315